/

**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ), लघु जल संसाधन विभाग,**
**जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना–14**

ईमेल– **ce.pmg-bih@gov.in** दूरभाष– 0612–2215035

संचिका सं0:–मु0अ0/ल0ज0सं0(पी0एम0जी0)– कालीकृत–645/2025– /पटना, दिनांकः–

**आदेश**

लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी के निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2024–25 के ग्रुप सं0–08 डकही चेक डैम एवं कौआहा पहाड़ी चेक डैम का निर्माण कार्य मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–347 दिनांक–07.03.2025 एवं लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया के निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2024–25 के ग्रुप सं0–01 पचगछिया चेक डैम, मंडीहा दुल्हनिया चेक डैम एवं तीन मुहानी चेक डैम का निर्माण कार्य मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–349 दिनांक–07.03.2025 द्वारा संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन (निबंधन सं0–MWRD0325CIC05890, श्रेणी– I, Firm Certificate no.-283/2008) को आवंटित किया गया एवं संवेदक द्वारा निविदा में संलग्न अभिलेखों की जॉच एकरारनामा से पूर्व कराने के निर्देश के आलोक में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर द्वारा सत्यापन कराये जाने के क्रम में संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन द्वारा उक्त निविदा में संलग्न किया गया अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। निविदा प्राप्त करने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण विभागीय पत्रांक–272 (मो0) दिनांक–10.02.2025 के तहत संवेदक को आवंटित कार्य को रद्द कर दिया गया एवं दिनांक–30.04.2025 को संपन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुपालन में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी के पत्रांक–1433 दिनांक–16.10.2025, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, बेतिया के पत्रांक–1078 दिनांक–12.11.2025 एवं अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, दरभंगा के पत्रांक–1103 दिनांक–21.10.2025, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–843 दिनांक–21.11.2025 द्वारा संवेदक को कालीकृत करने हेतु भेजे गये प्रस्ताव के क्रम में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक–1831 दिनांक–01.11.2025 तथा पत्रांक–1923 दिनांक–25.11.2025 द्वारा संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन को कालीकृत करने हेतु विहित प्रपत्र में प्रस्ताव अनुशंसा सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया, जिसके आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1309 दिनांक–15.12.2025 द्वारा संवेदक से कारण पृच्छा की गयी, जिसका जबाव अप्राप्त रहने के स्थिति में इस कार्यालय के पत्रांक–74 दिनांक–13.01.2026 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया। संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन, पार्टनर श्री पवन कुमार सिंह का आवेदन दिनांक–28.01.2026 अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराया गया, जिसमें अपने गम्भीर बिमारी का ईलाज कराने हेतु बिहार से बाहर होने का उल्लेख करते हुये की गयी कारण पृच्छा का जबाव देने हेतु 15 दिनों के समय की मांग की गयी। उक्त अनुरोध के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–164 दिनांक–09.02.2026 द्वारा दिनांक–12.02.2026 तक अनिवार्य रूप से कारण पृच्छा का जबाव उपलब्ध कराने हेतु संवेदक को निदेशित किया गया, परन्तु कारण पृच्छा का जबाव आजतक अप्राप्त है।

संवेदक द्वारा निविदा में संलग्न किया गया अुनभव प्रमाण पत्र सत्यापन के क्रम में फर्जी पाया गया है तथा संवेदक द्वारा कारण पृच्छा का जबाव अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जो यह दर्शाता है कि संवेदक के पास अपने बचाव में कहने के लिये कुछ भी नहीं है। निविदा में फर्जी कागजात संलग्न किया जाना अपराधिक कृत्य के साथ–साथ निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2024–25 की कंडिका–21 का उल्लंघन भी है।

अतः वर्णित योजनाओं की निविदा में संवेदक द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किये जाने के कारण सम्यक विचारोपरान्त संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन, पता–न्यू एरिया चित्तोर नगर, बाल बिहार स्कूल के पीछे, पो0+थाना–औरंगाबाद, जिला–औरंगाबाद, पिन कोड–824101 (निबंधन सं0–MWRD0325C1CO5890 श्रेणी–I, Firm Certificate no.-283/2008) को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम 11 (क) की उप

कंडिका (vii) एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आदेश सं0–154 दिनांक–18.06.2015 की कंडिका 08 की उप कंडिका 04 के तहत अगले 10 (दस) वर्षो के लिये कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक– /पटना दिनांक–

प्रतिलिपि– संवेदक मेसर्स शक्ति कंस्ट्रक्शन, पता–न्यू एरिया चित्तोर नगर, बाल बिहार स्कूल के पीछे, पो0+थाना– औरंगाबाद, जिला– औरंगाबाद, पिन कोड– 824101 (निबंधन सं0–MWRD0325C1CO5890 श्रेणी–I, Firm Certificate no.-283/2008) मो0– 9955820765, ईमेल'– shakticonst123raj@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित

ह0/–
**मुख्य अभियंता**
**(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना**

पत्रांक– 257 /पटना, दिनांक– 20/02/2026

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, लघु जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/योजना एवं विकास विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना/सभी मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, ...../सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, ...../सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, .........एवं आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को निदेशित किया जाता है कि उक्त पत्र विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

20/02/26

**मुख्य अभियंता**
**(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना**

20/02/26